समय : 3 घण्टे
पूर्णांक : 80

# हिंदी 'केंद्रिक'
## सी.बी.एस.ई.
## प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

# स्वतः मूल्यांकन प्रश्न–पत्र 1

**सामान्य निर्देश : निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए:**

- **इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'। खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।**
- **खंड 'अ' में कुल 6 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

OSWAAL BOOKS
LEARNING MADE SIMPLE

## खण्ड–'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

### अपठित गद्यांश [10]

1. **निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:—** 10 × 1 = 10

डॉ. कलाम को 'मिसाइल मैन' कहा जाता है। जब ये छठी कक्षा में पढ़ते थे तभी समाचार–पत्र में दूसरे महायुद्ध के प्रसिद्ध बमवर्षक विमान 'स्पटफायर' (मंत्रवाण) के विषय में पढ़कर इन्होंने वैमानिकी के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का निश्चय कर लिया था। यही नहीं, वैमानिकी की हर बारीकी इन्होंने अपने छात्र जीवन में ही भली प्रकार जान ली थी। डॉ. कलाम के शब्दों में—"विज्ञान वैदिक साहित्य की तरह है, सरस और संवेदनशील।" 1958 में ये रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन से जुड़ गए और 1980 तक के लम्बे सेवाकाल में देश को अंतरिक्ष की बुलंदी तक पहुँचाया। इस श्रृंखला में 1967 में रोहिणी–75 रॉकेट छोड़ा गया, 1980 में भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपणयान एस. एल. बी–3 का भी हरिकोटा से प्रक्षेपण किया गया। इतना ही नहीं 1982 में डी. आर. डी. ओ. निदेशक के रूप में मिसाइल परियोजना के तहत पाँच प्रमुख मिसाइल कार्यक्रमों पर अनुसंधान किए। 1983 में आई. जी. एच. डी. पी. का प्रक्षेपण किया एवं 1984 में प्रथम स्वदेशी जड़त्व निर्देशित प्रणाली के लिए मिसाइल का परीक्षण किया। सन् 1985 ई. में 'रिसर्च सेन्टर' की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपका मूलमंत्र है—"विज्ञान, मिशन और गोल।" आपने अपने जीवन का एक लंबा समय अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गुजारा। लगभग बीस वर्ष अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गुजारा। लगभग बीस वर्ष अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गुजारा। लगभग बीस वर्ष अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में रॉकेट निर्माण की नींव रखने के बाद डॉ. कलाम ने बीस वर्ष रक्षा अनुसंधान के लिए विकास प्रयोगशाला में विविध श्रेणी के प्रक्षेपास्त्र बनाने में व्यतीत किए। अपने इस सेवाकाल में इन्होंने देश को कृत्रिम उपग्रहों के क्षेत्र में पहली पंक्ति में ला खड़ा किया। इन्होंने पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल, नाग और अग्नि मिसाइलों का सफल परीक्षण किया, जो आज भी विकसित और क्रियाशील हैं। इनके इस क्षेत्र में अमूल्य योगदान के कारण आज इनकी गणना विश्व के दस सर्वश्रेष्ठ मिसाइल वैज्ञानिकों में की जाती है।

शून्य से चलकर शिखर पर पहुँचने वाले डॉ. कलाम एक संवेदनशील रचनाकार भी थे। ये प्रतिदिन डायरी लिखते, जिसमें मन के उद्गार कम, बुद्धि के निष्कर्ष अधिक होते। आप भारतीयता की साक्षात् मूर्ति हैं। आपमें भारतीय संस्कृति के आदर्श गुण कूट–कूट कर भरे हैं। सरल मन विद्यानुरागी ऋषियों के स्वभाव वाले डॉ. कलाम धर्म निरपेक्षता की जीती जागती मिसाल हैं। मुस्लिम होते हुए भी आपका परिवार रामेश्वरम् के मशहूर शिव मंदिर में काफी निकटता से जुड़ा हुआ है। आज की युवा पीढ़ी इन्हें अपना आदर्श मानती है। आपकी वीणा–वादन और कर्नाटक संगीत में विशेष रुचि थी। भौतिक सुखों में आपकी रुचि नहीं थी। गीता का नियमित पाठ करने वाले कलाम सच्चे कर्मयोगी थे। भाग्य में इनकी निष्ठा नहीं थी। इनकी मान्यता थी कि "पृथ्वी खुद अपनी धुरी पर घूमती है, जिससे रात और दिन होते हैं और सूर्य के चारों ओर उसकी परिक्रमा पूरी होने से वर्ष बनता है। जब तक ये दोनों खगोलीय घटनाएँ होती रहेंगी, तब तक हर घड़ी मेरे लिए शुभ है।"

*To know about more useful books for class-12 click here*

डॉ. कलाम ने सन् 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया था। इसके लिए इन्होंने शिक्षा आंदोलन चलाने पर अधिक बल दिया था जिसमें प्रत्येक छात्र दो-दो अशिक्षितों को शिक्षित करेगा। पर्यावरण सुरक्षा हेतु यदि भारत के 20 करोड़ बच्चे 5-5 पौधे लगायें तो एक अरब पेड़ तैयार हो जायेंगे— ऐसी इनकी सोच थी। देश के विकास में अभिभावकों और अध्यापकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इन्होंने कहा था—"अगर किसी राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त और सुन्दर बनाना है तो अभिभावक और अध्यापक ही काम करेंगे।"

सन् 2003 के शिक्षक-दिवस की पूर्व संध्या पर आपने राष्ट्र के नाम सन्देश प्रसारित करने की नई प्रथा को जन्म दिया। "मेरे भारत को विकसित देश बना दो" इस सपने को साकार करने के लिए ये कहते थे कि हमे अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाना चाहिए, युवाओं को स्वप्न देखना चाहिए और उन्हें हकीकत में बदलना चाहिए।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—**

(i) **'मिसाइल मैन' किसे कहा जाता है?** 1

**(क)** डॉ. कलाम **(ख)** अटल बिहारी वाजपेयी
**(ग)** डॉ. सी. वी. रमन **(घ)** डॉ. नरेन्द्र मोदी

(ii) **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन से डॉ. कलाम कब जुड़े?** 1

**(क)** 1995 ई. में **(ख)** 2003 ई. में
**(ग)** 1958 ई. में **(घ)** 1996 ई. में

(iii) **भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपणयान का प्रक्षेपण किया गया—** 1

**(क)** श्री हरिकोटा में **(ख)** राजस्थान में
**(ग)** चड़ीगढ़ में **(घ)** पटना में

(iv) **कलाम नियमित पाठ करते थे—** 1

**(क)** रामायण का **(ख)** गीता का
**(ग)** भागवत का **(घ)** इनमें तीनों का

(v) **इनका मूल मंत्र था—** 1

**(क)** विजन, और गोल **(ख)** मिशन और गोल
**(ग)** विजन मिशन और गोल **(घ)** इनमें से कोई नहीं

(vi) **इनकी निष्ठा नहीं थी—** 1

**(क)** विज्ञान के सदुपयोग में **(ख)** ईश्वर में
**(ग)** भाग्य में **(घ)** वैज्ञानिकों में

(vii) **इनकी विशेष रुचि थी—** 1

**(क)** वीणा-वादन में **(ख)** तबला-वादन में
**(ग)** गायन के क्षेत्र में **(घ)** नृत्य के क्षेत्र में

(viii) **इनके द्वारा परीक्षित मिसाइल है—** 1

**(क)** पृथ्वी **(ख)** आकाश
**(ग)** त्रिशूल **(घ)** उपर्युक्त तीनों

(ix) **इन्होंने आई. जी. एच. डी. पी. का प्रक्षेपण किया—** 1

**(क)** 1983 ई. में **(ख)** 1985 ई. में
**(ग)** 1975 ई. में **(घ)** 2003 ई. में

(x) **डॉ. कलाम के अनुसार विज्ञान साहित्य की तरह है—** 1

**(क)** सरल **(ख)** वैदिक
**(ग)** आदर्श **(घ)** इनमें से कोई नहीं

**अथवा**

AI **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:—**

शिक्षा में परिवर्तन की आवश्यकता पर आज से सौ वर्ष पहले मोहनदास करमचन्द गाँधी ने पूरी समग्रता से मंथन किया था। उन्होंने शिक्षा को केवल स्कूल, किताब तथा परीक्षा तक सीमित रखकर विश्लेषित नहीं किया था, बल्कि शिक्षा को भारत की दशा पर विचार करने, सभ्यता, प्रगति, आजादी को परखने का माध्यम बताया था। उनके हर विचार से सहमति न तब थी और न अब है, परन्तु उन विचारों की ईमानदारी, प्रखरता, समग्रता तथा भविष्य दृष्टि पर सभी एकमत रहे हैं। भारत के अनेक शिक्षाविद तथा नीतिनिर्धारक जब गाँधी के हिन्द स्वराज में दिए विचारों तथा बाद में बुनियादी शिक्षा और नई तालीम पर उनके विचारों से मुँह चुराते हैं, तथा यह स्पष्ट हो जाता है कि वे गाँधी जी के विचारों की गतिशीलता को या तो समझ नहीं पा रहे हैं या समझना नहीं चाहते। 'हिन्द स्वराज' 1905 में लिखी गई। 1888 ई. में पहली बार महात्मा गाँधी विदेश के लिए रवाना हुए थे। 1888 से 1914 के बीच वह भारत में केवल 4 वर्ष ही रहे थे।

*To know about more useful books for class-12 click here*

'हिन्द स्वराज' गोपाल कृष्ण गोखले की उस सलाह से पहले लिखी गई थी, जिसमें उन्होंने गाँधीजी को भारत भ्रमण कर देश को समझने को कहा था। नवम्बर 1905 में गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में शिक्षा पर एक लेख लिखा था, जिसमें उन्होंने दक्षिण-अफ्रीका के भारतीयों को भारत में हो रहे परिवर्तनों से सबक लेने का कहा था। गाँधी तब अंग्रेजी तथा गुजराती में 'इंडियन ओपिनियन' अखबार निकालते थे। भारत में जो हो रहा था, उससे वह परिचित थे। शिक्षा पर उनके विचार अंकुरित हो चुके थे। इस लेख में उन्होंने कहा था कि अच्छी स्थिति में पहुँच चुके भारतीयों का कर्त्तव्य है कि वे शिक्षा के प्रसार के लाभों को जानें और यदि दक्षिण अफ्रीकी सरकार आगे नहीं आती है तो वे स्वयं आगे बढ़कर भारतीय बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करें। अरबपतियों की सूची में शामिल कितने भारतीय हैं जो इस वाक्य से परिचित हैं,? कितनों ने आदिवासी, वनवासी, पहाड़ी तथा दुर्गम क्षेत्रों में प्रारम्भिक स्कूल खोले हैं? सभी ने देखा है कि सरकार तो संविधान के प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष तक की आयु के हर बच्चे को अनिवार्य तथा नि:शुल्क शिक्षा भी नहीं दे पाई है। 1993 ई. में उन्नीकृष्णन निर्णय में सर्वोत्तम न्यायालय ने शिक्षा के मूलभूत अधिकार का अधिनियम बनाया। यानी उन्नीकृष्णन निर्णय के बाद भी 16 साल लग गए अर्थात् 2002 में 86 वाँ संविधान संशोधन हुआ। अभी भी कितना विश्वास जागृत हुआ है, कितनी तैयारी है, इरादे कितने सुदृढ़ हैं, यह सब कह पाना मुश्किल है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—**

**(i) शिक्षा में परिवर्तन की आवश्यकता पर समग्रता से मंथन किसने किया?** 1

(क) मोहनदास करमचन्द गाँधी ने
(ख) इंदिरा गाँधी ने
(ग) राजीव गाँधी ने
(घ) सुभाष चन्द्र बोस ने

**(ii) 'हिन्द स्वराज' कब लिखी गई?** 1

(क) 1908 ई. में
(ख) 1909 ई. में
(ग) 1907 ई. में
(घ) 1905 ई. में

**(iii) महात्मा गाँधी विदेश के लिए कब रवाना हुए?** 1

(क) 1888 ई. में
(ख) 1907 ई. में
(ग) 1905 ई. में
(घ) 1919 ई. में

**(iv) 'हिन्द स्वराज' किसकी सलाह से लिखी गई थी?** 1

(क) लोकमान्य तिलक के
(ख) भगत सिंह के
(ग) गोपाल कृष्ण गोखले के
(घ) रवीन्द्र नाथ टैगोर के

**(v) 'इंडियन ओपिनियन' अखबार किस भाषा में निकलता था?** 1

(क) अंग्रेजी
(ख) गुजराती
(ग) हिन्दी
(घ) 'क' और 'ख' दोनों

**(vi) संविधान का 86 वाँ संशोधन कब हुआ?** 1

(क) 1998 ई. में
(ख) 2002 ई. में
(ग) 2010 ई. में
(घ) 2005 ई. में

**(vii) संविधान के अनुच्छेद 21 का अंश सम्बद्ध हैं—** 1

(क) स्वराज से
(ख) रोजगार से
(ग) वेतन वृद्धि से
(घ) शिक्षा के मूलभूत अधिकार से

**(viii) शिक्षा के मूलभूत अधिकार का अधिनियम बना—** 1

(क) 2008 ई. में
(ख) 2009 ई. में
(ग) 2011 ई. में
(घ) 1993 ई. में

**(ix) नवम्बर 1905 में गाँधी जी ने शिक्षा पर लेख कहाँ लिखा था?** 1

(क) भारत में
(ख) कराची में
(ग) दक्षिण अफ्रीका में
(घ) चम्पारण में

**(x) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है—** 1

(क) गाँधी और उनके विचार
(ख) भारतीय संविधान
(ग) दक्षिण अफ्रीका में गाँधी जी
(घ) नि:शुल्क शिक्षा

## अपठित पद्यांश [5]

2 **निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:—** 5×1 = 5

गुलाब का फूल है, हमारा पढ़ा-लिखा
मैंने उसे काफी उलट-पुलटकर देखा है
मुझे तो वह ऐसा ही दिखा

OSWAAL BOOKS LEARNING MADE SIMPLE

*To know about more useful books for class-12 click here*

सबसे बड़ा सबूत उसके गुलाब होने का यह है
कि वह गाँव में जाकर बसने के लिए तैयार नहीं है
गाँव में उसकी प्रदर्शनी कौन कराएगा
वहाँ वह अपनी शोभा की प्रशंसा किससे कराएगा
वह फूलने के बाद किसी फसल में थोड़े ही बदल जाता है
मूरख किसान को फूलने के बाद
फसल देने वाला ही तो भाता है,
गाँव में इसलिए ठीक है अलसी और सरसों के फूल।
बीच-बीच में यह प्रस्ताव कि गाँव में चिकित्सा करें या पढ़ाएं
पेश करने में कोई हर्ज नहीं है
मगर साफ समझ लेना चाहिए कि गुलाब का यह फर्ज नहीं है कि–
गाँव जाकर खिले, अलसी और सरसों बगैरा से मिले।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:–**

(i) **गुलाब का फूल कहाँ जाकर बसने को तैयार नहीं हैं?** 1

(क) गाँव में (ख) शहर में

(ग) नर्सरी में (घ) विद्यालय में

(ii) **कवि का गुलाब से तात्पर्य है–** 1

(क) पढ़े-लिखे सभ्य शहरी युवाओं से (ख) पढ़े-लिखे सभ्य ग्रामीणों से

(ग) विदेशियों से (घ) विद्वानों से

(iii) **गाँव में फूल मिलते है–** 1

(क) अलसी के (ख) सरसों के

(ग) मूँग के (घ) 'क' और 'ख' दोनों के

(iv) **'अलसी' और 'सरसों' से कवि का तात्पर्य है–** 1

(क) ग्रामीणों से (ख) शहरी युवाओं से

(ग) विद्वानों से (घ) पढ़े-लिखे सभ्य ग्रामीणों से

(v) **'मूरख' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?–** 1

(क) युवाओं के लिए (ख) गुलाब के लिए

(ग) प्रदर्शनी के लिए (घ) किसान के लिए

**अथवा**

**पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:–**

मन-दीपक निष्कंप जलो रे!
सागर की उत्ताल तरंगें,
असमान को छु-छु जाएँ
डोल उठे डगमग भूमंडल
अग्निमुखी ज्वाला बरसाए
धूमकेतु बिजली की धुति से
धरती का अंतर हिल जाए
फिर भी तुम जहरीले फन को
कालजयी बन उसे ढलो!
कदम-कदम पर पत्थर, काँटे
पैरों को छलनी कर जाए
शांत-कलांत करने को आतुर
क्षण-क्षण में जग की बाधाएँ

OSWAAL BOOKS LEARNING MADE SIMPLE

*To know about more useful books for class-12 click here*

मरण गीत आकर गा जाएँ
दिवस-रात, आनंद-विपदाएँ
फिर भी तुम हिमपात तपन में
बिना आह चुपचाप जलो रे!

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—**

(i) **कविता किसे सम्बोधित है?** 1

(क) मनुष्य के दीप रूपी मन को (ख) मनुष्य को
(ग) दीप को (घ) इनमें कोई नहीं

(ii) **कवि ने दीपक को क्या कहा है?** 1

(क) मंद-मंद जलने को (ख) बुझने को
(ग) हमेशा जलने को (घ) मंदिर में जलने को

(iii) **पत्थर काँटे किसके प्रतीक हैं?** 1

(क) मार्ग की बाधाओं के (ख) शत्रुओं के
(ग) संकट के (घ) अपशकुन के

(iv) **धरती का अंतर कैसे हिलता है?** 1

(क) सागर की तरंगों से (ख) बिजली की द्युति से
(ग) डोलते भूमंडल से (घ) उपर्युक्त तीनों से

(v) **मरण गीत कौन गा रहा है?** 1

(क) काल (ख) मार्ग की बाधाएँ
(ग) असफलता (घ) पत्थर

OSWAAL BOOKS

## कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन [5]

3. निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन करें— 5 × 1 = 5

(i) इनमें श्रव्य एवं दृश्य संचार का साधन है— 1

LEARNING MADE SIMPLE

(क) रेडियो (ख) टेलीविजन
(ग) टेप रिकार्ड्स (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) **इनमें जन-संचार का माध्यम नहीं है—** 1

(क) समाचार-पत्र (ख) रेडियो
(ग) इंटरनेट (घ) डी.वी.डी.

(iii) **सनसनी फैलाने वाली पत्रकारिता को क्या कहते हैं?** 1

(क) फ्लैश (ख) अंशकालिक
(ग) पेज थ्री (घ) ब्रेकिंग न्यूज

(iv) **अधिकाशत: शिक्षित वर्ग समाचार-पत्र का पृष्ठ पढ़ते है—** 1

(क) राजनीतिक पृष्ठ (ख) खेल पृष्ठ
(ग) प्रादेशिक पृष्ठ (घ) संपादकीय पृष्ठ

(v) **मनोरंजन के लिए लिखा जाने वाला सुव्यवस्थित आत्मनिष्ठ लेखन कहलाता है—** 1

(क) फीचर (ख) आलेख
(ग) पेजथ्री (घ) अंशकालिक

## पाठ्य पुस्तक 'आरोह' से [10]

4. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:—** 5 × 1 = 5

AI दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!
हो जाए न पथ में रात कहीं
मंजिल भी तो है दूर नहीं
यह सोच थका दिन का पंथी भी

*To know about more useful books for class-12 click here*

जल्दी-जल्दी चलता है!
बच्चे प्रत्याशा में होंगे
यह ध्यान परों में चिड़िया के भरता कितनी चंचलता है,
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—**

(i) **जल्दी-जल्दी क्या ढल रहा है?**
**(क)** दिन **(ख)** रात
**(ग)** शाम **(घ)** सुबह

(ii) **दूर क्या नहीं है?**
**(क)** मंजिल **(ख)** घोंसला
**(ग)** बच्चे **(घ)** चिड़िया

(iii) **चिड़िया की गति के तेजी का कारण है—**
**(क)** घर को लौटना **(ख)** बच्चों से मिलना
**(ग)** भूख-प्यास से व्याकुलता **(घ)** इनमें से कोई नहीं

(iv) **प्रस्तुत पद्यांश के कवि हैं—**
**(क)** हरिवंश राय बच्चन **(ख)** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
**(ग)** तुलसीदास **(घ)** फिराक गोरखपुरी

(v) **प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक हैं—**
**(क)** दिन का पंथी **(ख)** पथ में रात
**(ग)** दिन जल्दी-जल्दी ढलता है **(घ)** थका पंथी

OSWAAL BOOKS
LEARNING MADE SIMPLE

5. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:—** 5 × 1 = 5

दोनों ही लड़के राज-दरबार के भावी पहलवान घोषित हो चुके थे। अत: दोनों का भरण-पोषण दरबार से ही हो रहा था। प्रतिदिन प्रात:काल पहलवान स्वयं ढोलक बजा-बजाकर दोनों से कसरत करवाता। दोपहर में, लेटे-लेटे दोनों को सांसारिक ज्ञान की भी शिक्षा देता-"समझे! ढोलक की आवाज पर पूरा ध्यान देना। हाँ, मेरा गुरू कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है, समझे! ढोल की आवाज के प्रताप से ही मैं पहलवान हुआ। दंगल में उतरकर सबसे पहले ढोलों को प्रणाम करना, समझे!"

.......ऐसी ही बहुत सी बातें वह कहा करता। फिर मालिक को कैसे खुश रखा जाता है, कब कैसा व्यवहार करना चाहिए, आदि की शिक्षा वह नित्य दिया करता था।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—**

(i) **कितने लड़के राज-दरबार के भावी पहलवान घोषित किए गए थे?** 1
**(क)** दो **(ख)** तीन
**(ग)** चार **(घ)** पाँच

(ii) **इन लड़कों को सांसारिक ज्ञान की शिक्षा कब दी जाती थी?** 1
**(क)** प्रात:काल **(ख)** दोपहर
**(ग)** शाम **(घ)** रात्रि

(iii) **दंगल में उतरकर सबसे पहले प्रणाम करना—** 1
**(क)** मिट्टी को **(ख)** गुरू को
**(ग)** ढोलक को **(घ)** मंचासीन पदाधिकारी को

(iv) **इन लड़कों का भरण-पोषण हो रहा था—** 1
**(क)** गाँव से **(ख)** मालिकों से
**(ग)** राज-दरबार से **(घ)** दंगलों से

(v) **पहलवान इन दोनों से क्या बजाकर कसरत करवाता ?** 1
**(क)** ढोलक **(ख)** तबला
**(ग)** बाँसुरी **(घ)** पटाखा

*To know about more useful books for class-12 click here*

### पाठ्य-पुस्तक 'वितान' से [10]

6. **निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:—** 10 × 1 = 10

(i) **भूषण काम करता था—** 1

(क) विज्ञापन एजेंसी में (ख) पेपर के दफ्तर में

(ग) टेलीफोन के दफ्तर में (घ) शिक्षा कार्यालय में

(ii) **माँ के मर जाने के उपरांत यशोधर पंत किसके पास रहे?** 1

(क) चाची (ख) बुआ

(ग) भाभी (घ) दादी

(iii) **चंद्रदत्त तिवारी कौन थे?** 1

(क) यशोधर पंत का भतीजा (ख) यशोधर पंत का मित्र

(ग) यशोधर पंत का ममेरा भाई (घ) यशोधर पंत का अधीनस्थ कर्मचारी

(iv) **'जूझ' कहानी में 'बरहेल सूअर' की तरह 'गुर्राना' का प्रयोग किसके लिए हुआ है?** 1

(क) आनन्द की माँ के लिए (ख) आनन्द के पिता के लिए

(ग) आनन्द के शिक्षक के लिए (घ) आनन्द के मित्रों के लिए

AI (v) **ऐन पक्षधर थी—** 1

(क) स्त्री शिक्षा की (ख) पुरुष शिक्षा की

(ग) पुरुष प्रधान समाज की (घ) स्त्री प्रधान समाज की

(vi) **इल्या इहरनबुर्ग के अनुसार यहूदियों की संख्या थी—** 1

(क) 55 लाख (ख) 60 लाख

(ग) 36 लाख (घ) 40 लाख

(vii) **नाज़ी पार्टी किसकी थी?** 1

(क) हिटलर की (ख) चर्चिल की

(ग) गाँधी की (घ) इनमें से किसी की नहीं

(viii) **ऐन ने अपनी डायरी में चर्चिल को किसकी संज्ञा दी?** 1

(क) जन्मजात भूखे (ख) रॉबिन हुड

(ग) जन्मजात बहादुर (घ) अलीबाबा

(ix) **दस्तवेजों के पाँच करोड़ पन्नों में ऐन का नाम आता है—** 1

(क) पचास बार (ख) पच्चीस बार

(ग) तीस बार (घ) एक बार

AI (x) **ऐन को जन्मदिन के उपहार के रूप में परिवार वालों ने दिया** 1

(क) स्टीमर (ख) फूलदान

(ग) सोने का ब्रासलेट (घ) 'क' और 'ख' दोनों

## खण्ड–'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

### कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन [20]

7. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेखन करें—** 5

AI (क) जब में फेल हो गया

(ख) अनोखा पालतू जानवर 'कुत्ता'

(ग) महानगरों में असुरक्षित नारी

8. देश में क्षेत्रवाद के कारण उत्पन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखें। 5

**अथवा**

AI रेलयात्रा दिन प्रतिदिन असुरक्षा से ग्रस्त होती जा रही है? रेलमंत्री को पत्र लिखकर प्रभावी कदम उठाने के लिए अनुरोध करें।

OSWAAL BOOKS LEARNING MADE SIMPLE

*To know about more useful books for class-12 click here*

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:—** 5

**(अ)** कविता में शब्द-चयन का क्या महत्व है? 3

**अथवा**

कहानी कला की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालें।

AI **(ब)** कविता की संरचना कैसे होती है? 2

**अथवा**

नाटक को परिभाषित करें।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:—** 5

**(अ)** 'जाति प्रथा' एक अभिशाप' विषय पर फीचर लेखन करें। 3

**अथवा**

'अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा' विषय पर आलेख लिखें?

**(ब)** फीचर लेखन के तत्वों को स्पष्ट करें। 2

**अथवा**

समापन कैसे लिखा जाता है?

## पाठ्य पुस्तक 'आरोह' से [20]

### (पद्य)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए:—** 6

AI **(क)** 'कैमरे में बन्द अपाहिज' कविता कुछ लोगों की संवेदनहीनता प्रकट करती है, कैसे? 3

AI **(ख)** पेट के लिए बेटा-बेटी को बेचने की विवशता आज भी दिखाई पड़ती है। दोनों युगों की सामाजिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करें। 3

**(ग)** कवि प्रेम में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक मानते हैं और क्यों? 3

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए:—** 4

**(क)** कवि अपने जीवन-निर्वाह हेतु क्या करने को तत्पर हैं? 2

**(ख)** सामाजिक उद्देश्य से युक्त ऐसे कार्यक्रम को देखकर आपको कैसा लगेगा? 2

**(ग)** हनुमान के आगमन को करुण रस के बीच वीर रस की उत्पत्ति क्यों कहा गया है? 2

OSWAAL BOOKS
LEARNING MADE SIMPLE

### (गद्य)

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए:—** 6

**(क)** भक्तिन अनेक अवगुणों के होते हुए भी महादेवी जी के लिए अनमोल क्यों थी? 3

**(ख)** मानचित्र पर एक लकीर खींच देने भर से जमीन और जनता बँट नहीं जाती हैं—उचित तर्कों एवं उदाहरणों द्वारा इसकी पुष्टि करें। 3

**(ग)** जाति प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी एवं भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है? क्या यह स्थिति आज भी है? 3

**14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए:—** 4

**(क)** आज गाँवों में अखाड़े समाप्त हो रहे हैं, इसके क्या कारण हो सकते हैं? 2

**(ख)** लेखक को क्यों लगता है कि आज हम देश के लिए कुछ नहीं करते? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर बताइए। 2

**(ग)** लेखक के अनुसार पर्चेजिंग पावर क्या है? स्पष्ट करें। 2




❑❑❑

*To know about more useful books for class-12 click here*